**कैड ग्रुप:-** अच्छा - नाम ही दिलवाले हैं, तो दिल वाले तो सदा दिल में समाये हुए हो। अच्छा किया है, आप दिल के निमित्त एक्जैम्पुल बने हो औरों के भी, लेकिन कितना ऊंचा भाग्य बनाने के निमित्त बनते हो। तो बापदादा को पसन्द है कि दिल वाले औरों की भी सेवा अच्छी करते हैं। जो निमित्त बने हैं, अपना समाचार सुनाकर औरों को भी बाप का बनाने के ऐसे निमित्त बनने का चांस लेने वालों को बापदादा मुबारक देते हैं। सबको यही मुबारक है कि आगे बढ़ते चलो और औरों को भी बढ़ाते चलो। बाकी बापदादा को यह सेवा पसन्द है। सिर्फ बीमारी की नहीं, परमात्म दिल में समाने का भी चांस मिलता है, तो बढ़ते रहो औरों को भी आगे बढ़ाते रहो।

**डबल विदेशी:-** बापदादा को अच्छा लगता है, हर ग्रुप में विदेशी भी आते ही हैं। तो बापदादा ने देखा कि विदेशियों को जैसे डबल फारेनर्स का टाइटिल देते हैं वैसे डबल प्यार है। बाबा कहने से खुशी में झूमते हैं। सेवा भी करते हैं, डबल सेवा भी करते, उस गवर्मेन्ट की भी और आलमाइटी गवर्मेन्ट की भी। ऐसे बाबा से प्यार भी बहुत अच्छा है। फर्क भी बहुत अच्छा आ रहा है। अभी सभी परमात्म कलचर के हो गये हैं। फारेन कलचर नहीं, परमात्म कलचर वाले। सहज हो गये हैं। पहले सोचते थे यह कलचर कैसे बदले, लेकिन अभी बाबा ने देखा है कि ऐसे समझते हैं कि हमारा पहले यही कलचर था, वही कलचर बन गया। सहज, मुश्किल नहीं लगता है क्यों? क्योंकि हर कल्प में आप बाप के बने हैं वह कल्प पहले वाला अपना हक ले रहे हैं। बहुत अच्छा। पुरुषार्थ में भी आगे बढ़ रहे हो, यह बाबा को बहुत खुशी है। आप भी डबल खुशी में रहते हो? डबल खुशी है? हाथ उठाओ। अच्छा लगता है बेहद का बाप, बेहद का संगठन हो जाता है। तो बाप को भी खुशी है कि जगह जगह से सभी अपने बेहद के घर में पहुंच जाते हैं। अच्छी रिजल्ट है और आगे भी अच्छी रिजल्ट होनी ही है। निश्चित है। इसलिए आने की मुबारक हो, मुबारक हो। अच्छा।

**मोहिनी बहन से:-** हिसाब चुक्तू कर रही है, हो जायेगा।

**ईशू दादी से:-** यह ठीक है! मौज में उड़ रही हैं।

**दादी जानकी:-** आपको रहम बहुत है। (जल्दी जल्दी हो जाए) हो जायेगा, आपका संकल्प फैल रहा है। अभी मधुबन फारेन में याद आयेगा। अभी थोड़ी सेवा ज्यादा की है। हो जायेगा। दादी भी देखती रहती है, सभी के साथ अनुभव करती है। अच्छा है।

**जयन्ती बहन से:-** (जयन्ती बहन ने विदेश का समाचार सुनाया) अच्छा है, यह भी हिस्सा बाकी है, आपका सुन करके उनको जो खुशी मिलती है वह खुशी की लहर एक से अनेक तक पहुंचती है। पार्ट अच्छा मिला है, चक्कर लगाते रहो, सेवा करते रहो। इस बारी फारेन वालों ने इन्डिया में भी सेवा अच्छी की है, चांस लिया है। अच्छा किया है।

**रमेश भाई से:-** तबियत ठीक है। सभी को याद का रिटर्न देना। एक एक को कहना आपको लाख गुणा यादप्यार।

**तीनों भाईयों से:-** अच्छा आप सभी भी आपस में बैठ यज्ञ प्रति भविष्य क्या क्या करना है, बढ़ाना है, वह प्लैन बनाओ। सिर्फ डिपार्टमेंट का नहीं, टोटल यज्ञ या चारों ओर क्या क्या वृद्धि करनी है, निर्विघ्न और सभी निर्विकल्प कैसे बनें, यह प्लैन आपस में सोचो, आगे क्या करना है। जो रूट में चल रहे हैं वह तो चल रहे हैं लेकिन आगे क्या करना है, ऐसे मीटिंग करो। अच्छा।

**परदादी से:-** आपको देख करके सभी खुश होते हैं। क्यों? (बाबा की बेटी हूँ) अच्छा है, तबियत कैसी भी है लेकिन खुश रहती हो, यह खुशी देख करके खुश होते हैं।